सेट : 1

प्रथम पूर्व परिषदीय परीक्षा (2025-26)

हिन्दी (पाठ्यक्रम-अ) विषय कोड-002

कक्षा: दसवीं

विषय- हिंदी

निर्धारित समय: 3 घंटे अधिकतम अंक : **80**

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए:

(i) इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख ग, घ ।

(ii) इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(iii) प्रश्नपत्र में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(iv) सभी प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखें ।

प्रश्न संख्या	खंड – क (अपठित बोध)	अंक **(14)**
1	निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: हर व्यक्ति चाहता है कि उसे जीवन में कभी निराशा ना मिले, वह हमेशा सफलता प्राप्त करें और हर जगह उसे सम्मान और लोकप्रियता मिले, लेकिन यह इतना आसान नहीं है। ये सुख पाने के लिए व्यक्ति को कई प्रकार के जतन करने पड़ते हैं। जैसा कि सभी जानते हैं कि हर सफलता के पीछे एक कठिन परिश्रम और संघर्ष की कहानी छिपी होती है। जो व्यक्ति सामने वाले को प्रभावित कर सकता है वही सफलता को प्राप्त करता है। सफलता की नई नई सीढ़ियां चढ़ते हुए व्यक्ति लोकप्रियता के मुक़ाम को भी पा लेता है। उसे समाज में जानने वाले लोगों की संख्या बढ़ती चली जाती है। कौन नहीं चाहता है कि उन्हें ज़्यादा से ज़्यादा लोग जानें, उनकी सामाजिक पहचान बढ़े। समाज में ज़्यादा से ज़्यादा उनका नाम हो परंतु इसकी लोकप्रियता की जो क़ीमत चुकानी होती है, उसके लिए कम ही लोग तैयार होते हैं। आप चर्चित है तो आपको सामाजिक जवाब देही भी अधिक होती है। हर अनुकूल-प्रतिकूल स्थिति के लिए आपको बाक़ी लोगों से ज़्यादा तैयारी करनी पड़ती है। चर्चित होने के बाद ख़ुद के मुताबिक़ सामान्य जीवन जीना और भी कठिन होता है चर्चित लोगों से अनौपचारिक बात करें ,तो पाएँगे कि ऐसे में वे जो बता रहे हैं ,उससे वह अलग है,जो उन्होंने अनौपचारिक बातचीत के दौरान कही थी । चर्चित व्यक्तियों की बनी छवि प्रायः सच्चाई से अलग होती है। विडंबना यह है कि वे ख़ुद भी उस सभी को जीने में लग जाते हैं जो गढ़ी गई है। अलबर्ट आइंस्टीन	7

	जिन्हें लोग सुपर मानव कहते थे जो अपने जीवन काल में ही इस दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय व्यक्ति थे एक बार उन्होंने कहा था कि "मेरी उपलब्धियों व मेरी क्षमताओं के बीच, जो लोगों द्वारा समझी गई है और वास्तव में जो मैं हूँ एक विरोधाभास है। "लोकप्रियता के सामाजिक-नैतिक पहलुओं पर अध्ययन करने वाले मनोविज्ञानी कहते हैं कि "टिकाऊ लोकप्रियता सही मायने में वही है, जो दिलों पर राज करवाए, न कि चर्चाओं में। "चर्चा में सरल होना सरल है पर इसकी प्रक्रिया जटिल है, इसलिए लोकप्रिय व्यक्ति प्रायः बदनाम भी जल्द होता है। उसके नकारात्मक पहलू भी जल्द सामने आते हैं। उन पर अहम भी जल्द हावी हो जाता है। ऐसी लोकप्रियता अक्सर यह भ्रम देती है कि आप सामान्य से अलग हैं। यह सोच अपनों व दूसरों से बहुत दूर ले जाती है। इसे संतुलित तरीक़े से न लिया जाए तो ज़्यादातर चर्चित व्यक्तियों के लिए यह दुखी करने वाली होती है अंततः यह बात याद रखें कि प्रसिद्ध लोगों को गुमनामी का सम्मान करना और ख़ुद को नैतिक बनाए रखना आना चाहिए अन्यथा वक़्त की हवा के बीच वे तिनके की तरह उड़ा दिए जाएँगे।	
(क)	**अधिक परिचित लोगों की क्या कठिनाइयाँ होती हैं ?** (i) उनकी समाज के प्रति जवाबदेही बढ़ जाती है (ii) प्रत्येक स्थिति में अन्य लोगों की अपेक्षा अधिक तैयार रहना पड़ता है (iii) वे सामान्य जनता की तरह जीवन नहीं जी पाते (iv) उपर्युक्त सभी	1
(ख)	**हर सफलता के पीछे ——होती है ।** (i) कठिन परिश्रम की कहानी (ii) संघर्ष की कहानी (iii) (i) और (ii) दोनों (iv) स्वास्थ्य की कहानी	1
(ग)	कथन (A) और कथन (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए: कथन (A) लोकप्रिय व्यक्ति शीघ्र ही बदनाम हो जाते हैं । कथन (R) उनमें अहम् बहुत जल्दी आ जाता है । (i) कथन (A) ग़लत है, किंतु कारण (R) सही है। (ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही ग़लत हैं (iii) कथन (A) सही है तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है। (v) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।	1
(घ)	गद्यांश के अनुसार लोकप्रिय व्यक्ति के जीवन में क्या विडंबना है स्पष्ट कीजिए ?	2
(ङ)	चर्चित व्यक्तियों की छवि कैसी होती है ?	2

2	निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:	7
	हे ग्राम देवता ! नमस्कार ! सोने -चाँदी से नहीं ,किन्तु तुमने मिट्टी से किया प्यार । हे ग्राम देवता ! नमस्कार! जन कोलाहल से दूर कही एकाकी सिमटा-सा निवास , रवि-शशि का उतना नहीं जितना प्राणों का होता प्रकाश , श्रम वैभव के बल पर करते हो जड़ से चेतन का विकास , दानों-दानों में फूट रहे सौ-सौ दानों के हरे हास, यह हैं न पसीने की धारा, यह गंगा की है धवल धार, हे ग्राम देवता! नमस्कार! अध खुले अंग जिनमें केवल, हैं कसे हुए कुछ अस्थि-खंड जिनमें दधीचि की हड्डी है यह व्रज इंद्र का है प्रचंड। जो है गतिशील सभी ऋतु में, गर्मी, वर्षा हो या कि ठंड, जगत को देते हो पुरस्कार देकर अपने को कठिन दंड। झोपड़ी झुकाकर तुम अपनी ऊँची करते हों राज-द्वार! हे ग्राम देवता! नमस्कार!	
(क)	**प्रस्तुत काव्यांश के आधार पर बतायें कि कवि ने ग्राम देवता किसे कहा है ?** (i) गाँव के देवता को (ii) किसान को (iii) गाँव को (iv) ईश्वर को	1
(ख)	**प्रस्तुत काव्यांश निम्न मैं से किससे संबंधित नहीं है -** (i) दंड-पुरस्कार से (ii) गाँव की झोपड़ियों से (iii) किसान से (iv) उपरोक्त सभी	1
(ग)	**कथन (A) और कथन (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए :** कथन (A) कवि ने किसानों को ग्राम देवता के रूप में चित्रित किया हैं । कथन (R) वह अपनी मिट्टी से प्रेम करते हैं और अपने श्रम से मिट्टी में अन्न उगाते हैं। (i) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) ग़लत है। (ii) कथन (A) ग़लत है , किंतु कारण (R) सही है। (iii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, किंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है । (iv) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है	1

(घ)	ग्राम देवता कहाँ निवास करते हैं और कवि किसान को प्रणाम क्यों करता है?	2
(ङ)	प्रस्तुत कविता में अधखुले अंग किसके बताए गए हैं और क्यों?	2
	खंड - ख (व्यावहारिक व्याकरण)	**16**
3	**निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**	(4x1=4)
(क)	शाम हुई और मजदूर घर कि ओर चल दिए। (सरल वाक्य बदलिए)	1
(ख)	वे बोलते जा रहे थे और पिताजी का चेहरा गर्व से बदलता जा रहा था। (रचना के आधार पर वाक्य का भेद लिखिए)	1
(ग)	घंटी बजी, छात्र पुस्तकें लेकर कक्षा से बाहर निकले। छात्र घर चले गए। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)	1
(घ)	<u>जब तुम जाओगे</u> तभी मैं जाऊँगा। रेखांकित अंश उपवाक्य का कौन सा भेद है?	1
(ङ)	कुछ पहाड़ी औरतें पत्थर तोड़ रही थीं (रचना के आधार पर वाक्य का भेद लिखिए)	1

4	**निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**	(4x1=4)
(क)	अध्यापक ने आज हमें नया पाठ पढ़ाया। (कर्मवाच्य में बदलिए)	1
(ख)	गर्मियों में हम खूब नहाते है। (वाच्य पहचानकर भेद बताइए)	1
(ग)	सफेदपोश सज्जन सुविधा से पालथी मारे बैठे थे (वाच्य पहचानकर भेद बताइए)	1
(घ)	कर्मवाच्य में क्रिया के लिंग, वचन और पुरुष किसके अनुसार होते हैं?	1
(ङ)	मैं चुप नहीं बैठ सकता। (भाववाच्य में बदलिए)	1
5	**निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए:**	(4x1=4)
(क)	<u>राजेश</u> आज दिल्ली जाएगा।	1
(ख)	<u>वाह !</u> उपवन में सुंदर फूल खिले हैं।	1
(ग)	बच्चे <u>धीरे-धीरे</u> पढ़ रहे थे।	1
(घ)	<u>वे</u> बहुत अच्छे लोग हैं ।	1
(ङ)	शब्द कब पद बन जाता है ?	1

6	**निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों मे से किन्हीं चार प्रश्नों की रेखांकित काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए :**	(4x1=4)
(क)	सिर फट गया उसका मानो अरुण रंग का घड़ा ।	1
(ख)	सुनहु राम जेहि सिवधनु तोरा। सहसबाहु सम सो रिपु मोरा।।	1
(ग)	बाण नहीं पहुंचे शरीर तक, शत्रु गिरे पहले ही भू पर ।	1
(घ)	सागर के उर पर नाच -नाच करती हैं लहरें मधुर गान ।	1
(ङ)	प्रीति-नदी मैं पाऊँ न बोरयौ ।	1
	खंड - ग (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)	**30**
7	निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए: एक संस्कृत व्यक्ति किसी नई चीज की खोज करता है, किंतु उसकी संतान को वह अपने पूर्वजों से अनायास ही प्राप्त हो जाती है। जिस व्यक्ति की बुद्धि ने अथवा उसके विवेक ने किसी भी नए तथ्य का दर्शन किया, वह व्यक्ति ही वास्तविक संस्कृत व्यक्ति है और उसकी संतान, जिसे अपने पूर्वज से वह वस्तु अनायास ही प्राप्त हो गई है, वह अपने पूर्वज की भाँति सभ्य भले ही बन जाए, संस्कृत नहीं कहला सकता। एक आधुनिक उदाहरण लें। न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धान्त का आविष्कार किया। वह संस्कृत मानव था। आज के युग का भौतिक विज्ञान का विद्यार्थी न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण से तो परिचित है ही, लेकिन उसके साथ उसे और भी अनेक बातों का ज्ञान प्राप्त है, जिनसे शायद न्यूटन अपरिचित ही रहा । ऐसा होने पर हम आज के भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी को न्यूटन की अपेक्षा अधिक सभ्य भले ही कह सके, परंतु न्यूटन जितना संस्कृत नहीं कह सकते।	(5x1=5)

(क)	**संस्कृत व्यक्ति की उपलब्धि क्या है?** (i) अनायास ही वस्तु प्राप्त हो जाना (ii) पूर्वजों द्वारा अपरिचित होना (iii) अपने विवेक से नई चीज की खोज करना (iv) उपर्युक्त सभी	1
(ख)	**वह व्यक्ति सभ्य कहलाता है जो -** 1. जिसने नए तथ्यों की खोज की है। 2. जिसे अपने पूर्वजों से वस्तु अनायास ही प्राप्त हुई है। 3. जिसने गुरुत्वाकर्षण की खोज की। 4. उसने अपने विवेक का प्रयोग किया है।	1

	(i) कथन 1,2,4 सही है। (ii) कथन 2 सही है। (iii) कथन 3 और 4 सही हैं। (iv) कथन 1 और 2 सही हैं।	
(ग)	**न्यूटन को संस्कृत मानव किस आधार पर कहा जा सकता है?** (i) न्यूटन भौतिक विज्ञान को जानता था (ii) न्यूटन अनेक बातों से परिचित था। (iii) न्यूटन सभ्य दिखता था । (iv) न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण सिद्धांत का आविष्कार किया।	1
(घ)	**कथन (A) आज के भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी को सभ्य कह सकते हैं संस्कृत नहीं ।** **कारण (R) विद्यार्थी ने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार किया।** **(i)** कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है। (ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है । (iii) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है। (iv) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है । (A) आज के भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी को सभ्य कह सकते हैं।	1
(ङ)	भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी को न्यूटन की अपेक्षा अधिक सभ्य क्यों कहा गया है ? (i) क्योंकि उसे न्यूटन के बाद की अनेक बातों का ज्ञान था । (ii) क्योंकि उसे सिद्धांतों की जानकारी नहीं थी । (iii) क्योंकि विद्यार्थी न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण से परिचित नहीं है । (iv) क्योंकि उसे संस्कृति की पहचान थी ।	1
8	**निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए:**	(3x2=6)
(क)	महानगरों में रहने वाले लोग प्रायः "पड़ोस कल्चर" से वंचित क्यों रह जाते हैं? 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।	2
(ख)	'नेताजी का चश्मा' पाठ में देशभक्ति की भावना पर किस प्रकार बल दिया गया है? स्पष्ट करें।	2
(ग)	'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर बताए कि बालगोबिन भगत की दिनचर्या लोगों के आश्चर्य का विषय क्यों थी ?	2
(घ)	बिस्मिल्ला खाँ की एक संगीत साधक के रूप में क्या विशेषताएँ थी ?सोदाहरण स्पष्ट करें ।	2

9	**निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए:** बहसि लखन बोले मृदु बानी । अहो मुनीसु महाभट मानी ।। पुनि पुनि मोहि देखाव कुठारू । चहत उड़ावन फूँकि पहारू ।। इहाँ कुम्हड़बतिआ कोउ नाहिं । जे तरजनी देखि मरि जाहीं ।। देखि कुठारू सरासन बाना । मैं कछु कहा सहित अभिमाना ।। भृगुसुत समुझि जनेउ बिलोकी । जो कछु कहहु सहौं रिस रोकी ।। सुर महिसुर हरिजन अरु गाई । हमरे कुल इन्ह पर न सुराई ।। बधे पापु अपकीरति हारें । मारतहूँ पा परिअ तुम्हारें । कोटि कुलिस सम बचनु तुम्हारा । ब्यर्थ धरहु धनु बान कुठारा।। जो बिलोकि अनुचित कहेउँ छमहु महामुनि धीर । सुनि सरोष भृगुबंसमनि बोले गिरा गंभीर ।।	(5x1=5)
(क)	**'चहत उड़ावन फूँकि पहारु' पंक्ति का आशय है सही विकल्प का चयन कीजिए ।** **1.** फूँककर पहाड़ उठाना चाहते हैं । 2. फूँककर पहाड़ पर चढ़ना चाहते हैं । 3. कुठार को फूँक मारकर उड़ाना चाहते हैं । 4. बाण को फूँक से उठाना चाहते हैं। **कूट** (i) कथन 1 सही है । (ii) कथन 2 सही है। (iii) कंथन 1 और 2 सही हैं। (iv) कथन 3 और 4 सही हैं।	1
(ख)	**'भृगुसुत' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?** (i) श्री राम के लिए (ii) लक्ष्मण के लिए (iii) परशुराम के लिए (vi) वाल्मीकि के लिए	1

(ग)	**कथन (A) लक्ष्मण जी परशुराम को ब्राह्मण जानकर उनका वध नहीं कर रहे।** **कारण (R) उनके कुल में किसी का वध नहीं किया जाता।** (i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण(R),कथन (A) की सही व्याख्या करता है। (ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है । (iii) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है। (iv) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।	1
(घ)	**काव्यांश के अनुसार रघुकुल की मर्यादा है।** (i) देवता, ब्राह्मण, हरिभक्त व गाय की रक्षा करना (ii) स्त्री का सम्मान नहीं करना (iii) लोगों पर अत्याचार करना (iv) बड़े-बुजुर्गों का सम्मान नहीं करना	1
(ङ)	**परशुराम के वचनों की क्या विशेषता है ? सही विकल्प का चयन कीजिए।** (1) वे अत्यंत मृदु वचन बोलते हैं। (2) वे अत्यंत कटु वचन बोलते हैं। (3) वे व्यर्थ ढींगे नहीं हाँकते हैं। (4) वे करोड़ों वज्रों के समान कठोर वचन बोलते हैं। **कूट** (i) कथन 1 सही है। (ii) कथन 1 और 2 सही हैं। (iii) कथन 3 और 4 सही हैं। (iv) कथन 2, 4 सही है।	1
10	**निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए:**	(3x2=6)
(क)	'अट नहीं रही है' कविता के आधार पर बताइए कि फागुन मास के आने से पेड़ों की डालियों के स्वरूप में क्या परिवर्तन दिखाई देता है?	2
(ख)	सूरदास द्वारा प्रस्तुत पदों के आधार पर गोपियों का योग साधना के प्रति दृष्टिकोण स्पष्ट कीजिए ।	2
(ग)	संगतकार की आवाज में दिखाई देने वाली हिचक क्या प्रदर्शित करती है ?	2
(घ)	कवि के जीवन के अनुभव ही उन्हें आत्मकथा लिखने से रोकते हैं । 'आत्मकथ्य' कविता के आधार पर उत्तर लिखें।	2

11	**पूरक पाठ्य पुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए:**	(2x4=8)
(क)	"माता का अंचल' पाठ में ग्रामीण परिवेश का चित्रण किया गया है।आप ग्रामीण परिवेश और शहरी जीवन में क्या अंतर पाते हैं ?	4
(ख)	पेड़, पौधे, पशु और आदमी सब अपनी-अपनी लय, ताल और गति में हैं। हमारी पीढ़ी ने प्रकृति की इस लय, ताल और गति से खिलवाड़ कर अक्षम्य अपराध किया है। 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर बताइए कि इस अक्षम्य अपराध का प्रायश्चित मनुष्य किस प्रकारकर सकता है?	4
(ग)	'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर लेखक ने अपने आपको हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता कब और किस तरह महसूस किया?	4
	खंड-घ (रचनात्मक लेखन)	**20**
12	**निम्नलिखित तीन विषयों में से <u>किसी एक</u> विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए।** (क) प्राकृतिक आपदाएँ संकेत बिंदु • भूमिका • प्राकृतिक आपदाओं के दुष्प्रभाव • प्राकृतिक आपदाओं के कारण • बचाव के उपाय (ख) सड़क सुरक्षा- जीवन रक्षा **संकेत बिंदु :** • यातायात के नियमों के पालन का महत्त्व • नियम का पालन न करने से • नियम पालन की उपयोगिता • सड़क सुरक्षा के लिए बनाए गए नियमों का पालन करने का संकल्प • (ग) इंटरनेट की दुनिया संकेत बिंदु: • भूमिका • भारत एवं विश्व में इंटरनेट की स्थिति • इंटरनेट के लाभ • इंटरनेट के दुष्परिणाम	(1x6=6)

13	(क) आप स्वाति गाँधी /अनूप गाँधी हैं। समाचार-पत्रों में विज्ञापनों की भरमार को कम करने और समसामयिक विषयों पर लेखन की आवश्यकता को दर्शाते हुए दैनिक जागरण समाचार-पत्र के संपादक को अनुरोध करते हुए 100 शब्दों में पत्र लिखिए। अथवा (ख) आपका नाम राजसिंह / राधा राजपूत है। आप अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ बाढ़ पीड़ित लोगों की सेवा के लिए जाना चाहते हो। इस कार्य हेतु अनुमति माँगते हुए अपने पिता को 100 शब्दों में पत्र लिखिए ।	(1x5=5)
14	क) आपका नाम आशीष शर्मा/आशा शर्मा है। आप बी.एड. कर चुके हैं ।विद्यास्थली स्कूल में विज्ञान शिक्षक का पद रिक्त है।इसके लिए संक्षिप्त स्ववृत्त (बायोडाटा) लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए । अथवा (ख) आप मेधावी / माधव हैं। आपका ए.टी.एम.कार्ड खो गया है ।उसकी सूचना देते हुए 'नेशनल बैंक' के शाखा प्रबंधक को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।	(1x5=5)
15	(क) प्रदूषण से बचने के लिए पर्यावरण विभाग की ओर से जनहित में जारी एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए । अथवा (ख) आपके छोटे भाई ने एक नया घर खरीदा है, जिसकी बधाई स्वरूप एक संदेश 40 शब्दों में लिखिए ।	(1x4=4)